उप्रासूके

उत्तर प्रदेश राज्य सूचना केन्द्र
(सूचना एंव जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश)

फोन : 011–23326640
टेलीफैक्स : 011–23321068

चन्द्रलोक बिल्डिंग, प्रथम तल,
36, जनपथ, नई दिल्ली–110001
ईमेल : upsicnd@rediffmail.com
upsicnd@gmail.com

प्रत्र संख्या : उप्रासूकेनदि/...........

दिनाँक ....

उत्तर प्रदेश में 63 हजार करोड़ रूपये का पूँजी निवेश होगा

उत्तर प्रदेश में पूँजी निवेश के अनुकूल वातावरण

उत्तर प्रदेश सरकार निवेशकों को आवश्यक सुबिधायें उपलब्ध करायेगी

श्री अखिलेश यादव, मुख्यमंत्री उ0प्र0

नई दिल्ली : 12 जून, 2014

उ0प्र0 के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव की पहल पर निवेशकों द्वारा उत्तर प्रदेश में लगभग 63 हजार करोड़ रूपये की धनराशि का निवेश किया जाएगा । आज होटल ताज पैलेस दिल्ली में मुख्यमंत्री श्री यादव की उपस्थिति में आयोजित उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर्स कन्क्लेव में निवेशकों द्वारा 63 हजार करोड़ रू0 की धनराशि निवेश करने विषयक एमओयूएस (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किये गये ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा कि हमें आज यहाँ आकर अत्यन्त खुशी हुई है, क्योंकि निवेशकों द्वारा हमारी उम्मीद से काफी ज्यादा धनराशि निवेश करने का निर्णय लिया गया है । निवेशकों के सकारात्मक रूख से प्रतीत होता है कि उ0प्र0 खुशहाली के रास्ते पर निरन्तर आगे बढ़ रहा है । उन्होंने कहा कि जो कार्य शुरू हुआ है वह रूकेगा नहीं और उ0प्र0 सरकार इस दिशा में हर सम्भव सहयोग निवेशकों का करेगी ।

श्री यादव ने कहा कि उ0प्र0 में जब–जब समाजवादी पार्टी की सरकार बनी है, प्रदेश में पूँजी निवेश को बढ़ाने का कार्य किया गया है । उन्होंने निवेशकों से कहा कि इस कन्क्लेव के माध्यम से हम आपसे जुड़कर आपकी समस्याओं को हल करना चाहते हैं, आपकी विजली, भूमि, सुरक्षा एवं अन्य उद्योग सम्बन्धी जरूरतों को समयबद्ध ढंग से तत्काल पूरा किया जाएगा । उन्होंने कहा कि उ0प्र0 में आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़कों का जाल विछाया जा रहा है । प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों को फोरलेन सड़कों से जोड़ा जा रहा है । विद्युत व्यवस्था के सुधार हेतु हर सम्भव प्रयास किये जा रहे

है, जिससे कि निवेशकों को 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति की जा सके । प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी प्रभावी कदम उठाये गये हैं ।

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता बताते हुए कहा कि गंगा–जमुना, चम्बल, क्वारी, वेतवा, केन जैसी नदिया यहां पर हैं । आलू एवं गेहूँ की सबसे ज्यादा पैदावार उत्तर प्रदेश में होती है । आज उत्तर प्रदेश के हर गॉव में लैपटाप पहुॅच चुका है । देश में केवल उत्तर प्रदेश ही ऐसा राज्य है, जहॉ पर भारी मात्रा में छात्र–छात्राओं को लैपटाप वितरित किए गए हैं ।

श्री यादव ने निवेशकों को बताया कि उत्तर प्रदेश एक बहुत बड़ा उपभोक्ता बाजार है, जहॉ पर पूॅजी निवेश की अपार सम्भावनायें हैं । उत्तर प्रदेश में मैट्रो की शुरूआत कर दी गयी है । इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में विकास के पथ पर आप सभी के सहयोग से तेजी के साथ बढ़ रहा है । हमें उम्मीद है कि आप सभी निवेशकों के सहयोग से उत्तर प्रदेश प्रगति की नयी ऊॅचाइयों तक पहुॅचेगा और प्रदेश के लाखों वेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा । इस अवसर पर प्रदेश के राज्य मंत्री श्री अभिषेक मिश्र ने उत्तर प्रदेश में पूॅजी निवेश की सम्भावनाओं पर अपने विचार व्यक्त किया ।

आज के कन्क्लेव में 63 हजार करोड़ रूपये के जो समझौता ज्ञापन (एमओयूएस) निवेशकों द्वारा हस्ताक्षरित किये गये हैं, उसमें ईएसएसईएल बीस हजार करोड़ रूपये, रिलायन्स जेआईओ पांच हजार करोड़, आईटीसी दो हजार एक सौ करोड़, एमिटी 2 हजार करोड़, फोर्टीज 8 सौ करोड़, रीवर इंजीनियरिंग प्रा0लि0 तीन सौ पचास करोड़, सोनालिका दो सौ करोड़, यूएफएलईएक्स 4 हजार करोड़, जेबीएल एग्रो 2 हजार 2 सौ करोड़, श्री सीमेन्ट 550 करोड़, अज्यूर पावर 8 सौ करोड़, कृभको 150 करोड़, अल्ट्रा फेयरवुड 220 करोड़, यू0पी0 फूड एण्ड लाजिस्टिक पार्क 626 करोड़, रीकृति फूड एण्ड पार्क 2 सौ करोड़, सम्प्रास फूड एण्ड बेब्रिजेज 60 करोड़, डंकन गोयनका एक सौ करोड़, यशोदा हास्पिटल 2 हजार करोड़, पास्वारा 2 सौ करोड़, मथुरा रिफायनरी 8 हजार करोड़, हिन्दुस्तान पेपर मिल 4 हजार करोड़ तथा गेल 5 सौ करोड़ शामिल हैं ।

प्रारम्भ में उ0 प्र0 के मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन ने आगन्तुकों का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश में पूॅजी निवेश के अनुकूल माहौल पर प्रकाश डाला तथा सरकार द्वारा प्रदेश में निवेशकों को उपलब्ध करायी जा रही सुबिधाओं के बारे में जानकारी दी । अन्त में प्रमुख सचिव उद्योग श्री संजीव शरन ने धन्यवाद ज्ञापित किया । इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री राजेन्द्र चौधरी, प्रमुख सचिव आवास श्री सदाकान्त, प्रमुख सचिव गृह श्री दीपक सिंघल, प्रमुख सचिव आई0टी0 श्री जीवेशनन्दन, प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास श्री अरूण सिंघल, प्रमुख सचिव सूचना श्री नवनीत सहगल, निदेशक सूचना डा0 रूपेश कुमार सहित प्रदेश के बरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे ।